GIRLS' HIGH SCHOOL & COLLEGE, PRAYAGRAJ.

REVISION TEST - 1

SESSION 2020 - 2021

CLASS- 7- A, B, C, D, E, F

SUBJECT- HINDI LANGUAGE

TIME - 30 Min MAX MARKS- 25

निर्देश- यह परीक्षा अभिभावकों के निरीक्षण में होनी है। अभिभावक यह सुनिश्चित करें कि विद्यार्थी इस प्रश्न-पत्र को हल करने में केवल 30 मिनट लें। विद्यार्थी अभिभावकों की सहायता से मूल्यांकन करके अंक देंगे। सुधार के लिए अभिभावक लाल या किसी रंगीन कलम का प्रयोग कर सकते हैं। पिता या माता दिए गए अंक की जगह पर हस्ताक्षर करें।

मूल्यांकित वर्कशीट को संरक्षित रखना है और जब विद्यालय खुले तो जमा करना है।

अपठित गद्यांश

साथी और सहपाठी तो बहुत हो सकते हैं, परन्तु सच्चा मित्र मिलना बहुत कठिन होता है। सच्चा मित्र वह होता है जो विपत्ति के समय हमारी सहायता करता है। ऐसा मित्र बड़ी कठिनाई से मिलता है। अतुल मेरा एक इसी प्रकार का श्रेष्ठ और सच्चा मित्र है जो मुझे बहुत प्रिय है। सौभाग्य से हम दोनों एक ही विद्यालय में और एक ही श्रेणी में पढ़ते हैं तथा वह मेरा पड़ोसी भी है।

अतुल स्वस्थ, सच्चरित्र, अध्ययनशील, परिश्रमी, नम्र, सच्च और मधुरभाषी है। उसमें वे सभी गुण हैं जो एक सच्चे और अच्छे मित्र में होने चाहिए। वह समय पड़ने पर मेरी सहायता करता है। वह कक्षा में प्रथम आता है। वह खेल-कूद में, वाद-विवाद में उत्साह से भाग लेता है। वह एक श्रेष्ठ अभिनेता भी है। वह अनुशासन प्रिय बालक है। हम दोनों एक साथ प्रातःकाल सैर करने जाते हैं। वह समय पर पाठशाला जाता है। वह काम के समय काम करता है

और खेल के समय खेलता है। उसकी सुडौल देह, बड़ी-बड़ी आँखें, घुंघराले केश और सुन्दर चेहरा देखते ही बनता है। उसके अधरों पर हमेशा मुस्कान बनी रहती है।

अतुल बड़ों का आदर करता है और छोटों से प्यार करता है। इन सब गुणों के कारण सभी उससे प्यार करते हैं। इसी कारण हम सभी को उस पर गर्व है। वह मुझ पर तन, मन, धन न्योछावर करने के लिए तत्पर रहता है। हर कोई उसे अपना मित्र बनाने के लिए उत्सुक रहता है। मेरी प्रभु से यही प्रार्थना है कि हमारी मैत्री जीवनपर्यन्त बनी रहे ताकि आपदा के समय एक-दूसरे की सहायता कर सकें।

उपर्युक्त गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

प्रश्न-1) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। (1×5)

(i) नम्र
(ii) सच्चा
(iii) परिश्रमी
(iv) स्वस्थ
(v) सौभाग्य

प्रश्न-2) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। (1×5)

(i) जीवनपर्यन्त
(ii) गर्व
(iii) प्रार्थना
(iv) आपदा
(v) उत्साह

प्रश्न-3) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। (1×5)

(i) आँख
(ii) सुन्दर
(iii) देह
(iv) केश
(v) मित्र

प्रश्न-4) निम्नलिखित वाक्यों के लिए एक शब्द लिखिए (1×5)

(i) मीठा बोलने वाला -
(ii) साथ पढ़ने वाला -
(iii) पड़ोस में रहने वाला -
(iv) अभिनय करने वाला -
(v) अच्छे चरित्र वाला -

प्रश्न-5) निम्नलिखित अनेकार्थी शब्दों के दो-दो अर्थ लिखिए। (1×5)

(i) समय
(ii) प्रिय
(iii) मन
(iv) प्रभु
(v) गुण

- END -